>

Title: Need to withdraw the prohibition imposed on 'Khesari Dal'.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार तथा विशेषकर स्वास्थ्य मंत्री जी और कृषि मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि इस देश में कृषि उपज जो केसरी दाल है, इस केसरी दाल के उत्पादन तथा वितरण के विषय में केन्द्र सरकार ने जो कानून 1961 में बनाये थे, उसके अनुसार महाराष्ट्र में उस पर पाबंदी है। लेकिन उसके बाद कुछ राज्यों में यह पाबंदी हटाई गई है जिनमें हम पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों के बारे में हम जानते हैं कि यहां पर केसरी दाल के उत्पादन व बिक्री पर पाबंदी नहीं है। गरीब लोगों के लिए सस्ती और कम लागत पर होने वाली इस दाल का उत्पादन विदर्भ, कोंकण और मराठवाड़ा में बहुत अच्छा होता है। महाराष्ट्र में केसरी दाल पर पाबंदी हटाने के लिए क्या केन्द्र सरकार को राज्य सरकार ने भी कोई प्रस्ताव भेजा है? मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि इसी के चलते महाराष्ट्र के सीनियर वैज्ञानिक डा. शांतिलाल कोठारी जी पिछले 17 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे हैं और उनकी जान को खतरा है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपके सारे प्वाइंट्स आ गये हैं।

श्री हंसराज गं. अहीर : सभापति जी, इसलिए मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि महाराष्ट्र पर लगी हुई पाबंदी हटाने के लिए सरकार तुंत कार्रवाई करे।